प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

- गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक आज फरीदाबाद में–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी शिरकत करेंगे।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन का काम तत्परता से करने के निर्देश दिए।
- दुनियाभर में फैले राजस्थानियों को जड़ों से जोडने के लिए होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह की व्यापक तैयारियां।
- प्रदेश के 17 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज–शेखावाटी अंचल में आज भी शीतलहर के आसार।

00000

हरियाणा के फरीदाबाद में आज **उत्तर क्षेत्रीय परिषद** की बैठक होगी। गृह मंत्री अमित शाह इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब के मुख्यमंत्री, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के उपराज्यपाल तथा चंडीगढ़ के प्रशासक भाग लेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बैठक में भाग लेने के लिए कल फरीदाबाद पंहुचे। उन्होंने पूर्व संध्या पर गृह मंत्री श्री शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी मुलाकात की। उत्तर क्षेत्रीय परिषद, केंद्र और राज्यों के बीच सहयोगात्मक संवाद के लिए मंच प्रदान करती है। परिषद की 32वीं बैठक में राज्य सरकारों के बीच समन्वय, पानी के बंटवारे से जुडे मुद्दों और विकास कार्यों के बारे में चर्चा होने की संभावना है। क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका अब परामर्श की प्रकृति से कार्रवाई मंच के रूप में बदल गई है। ये मैत्री और सदभावना के वातावरण में जटिल मुद्दों के समाधान के उपयोगी मंच के रूप में काम करती हैं।

00000

राज्य में मतदाता सूची एसआईआर प्रकिया के तहत गणना फॉर्म वितरण करने और डिजिटाईजेशन का काम तेज गति से किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार अब तक एक करोड़ 32 लाख गणना प्रपत्र इसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को डिजिटाइजेशन का काम तत्परता से करने और बीएलओ को अतिरिक्त सहायता देने के निर्देश दिए है। जैसलमेर में मतदाता सूची अपडेशन के लिए विशेष सहायता शिविर लगाए गए है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इनके जरिये नागरिक डिजिटल रूप से प्रपत्र भरकर पारदर्शी और सशक्त एसआईआर प्रकिया में भागीदारी सुनिश्चित कर रहे है।

00000

भारत निर्वाचन आयोग ने कल बिहार, 6 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेशों में विधानसभा चुनाव और उप चुनाव सम्पन्न होने के बाद आदर्श आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव हुआ था। इस सीट पर परिणाम घोषित होने और चुनाव प्रकिया पूरी होने के साथ ही आचार संहिता हटा ली गई है। चुनाव आयोग की ओर से उप चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही 6 अक्टूबर से बारां जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हुई थी।

00000

प्रदेश में 19 नवम्बर को संभाग स्तर पर होने वाले घूमर महोत्सव को जनजन तक पंहुचाने पर जोर दिया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने महोत्सव की तैयारियों को लेकर कल जयपुर में बैठक की। उन्होंने कहा कि विरासत को विकास के साथ जोडना होगा। इसके लिए नई पीढी को अपनी संस्कृति रीति रिवाजों और त्योहारों के बारे में बताना सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है। हर साल 18 नवम्बर को मनाये जाने वाले जयपुर स्थाना दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर सुंदर और सुनियोजित शहर है। इसे स्वच्छ रखने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये जाने चाहिए।

00000

वी श्रीनिवास आज राज्य के नये मुख्य सचिव के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। राजस्थान काडर के 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्रीनिवास पिछले सात वर्षो से केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर थे। वे केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार, लोक शिकायत, पेंशन और पेंशनर्स कल्याण विभाग के सचिव के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें 14 नवम्बर को केन्द्र से रिलीव किया गया। राज्य सरकार ने वी श्रीनिवास को मुख्य सचिव बनाये जाने के साथ राजस्थान राज्य माईन्स एण्ड मिनरल्स लि. के अध्यक्ष और दिल्ली में मुख्य आवासीय आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है।

000

जयपुर में 10 दिसम्बर को होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस में दुनियाभर से नामी राजस्थानी हस्तियां और उद्यमी शामिल होंगे। ये उत्सव उद्योग, नीति निर्माण, नवाचार, शिक्षा, कला संस्कृति का विशाल संगम प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस आयोजन को राजस्थानी समुदायो को जडों से जोडने की अनूठी पहल बताया है। राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानियों के साथ दीर्घकालिक सहयोग को बढावा देने के लिए इस विशेष कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली है। इसमें पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संरक्षण पर सेक्टोरल सत्र भी होंगे। इसके साथ ही विशेष एनआरआई राउण्ड टेबल का आयोजन भी किया जायेगा। सरकार कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, भामाशाह योजना, ज्ञान संकल्प पोर्टल, नन्दी शाला जनसहभागिता योजना के जरिये प्रवासी समुदाय की सहभागिता पर जोर दे रही है। प्रवासी राजस्थानी परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी जिलों में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

0000

हनुमानगढ जिले के टिब्बी क्षेत्र में आलू की खेती किसानों के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है। पारम्परिक फसलो की बजाय किसानों का आलू की खेती के प्रति रूझान बढा है। कुलचंद्र रोही गांव के आलू अच्छी गुणवत्ता होने के कारण राजस्थान के साथ पंजाब और हरियाणा में भी भेजे जा रहे है। गांव के प्रगतिशील किसान रणवीर सिंह डूडी ने बताया कि कुलचंद्र रोही में आठ से दस किस्म के आलू उगाये जा रहे है।

0000

मौसम विभाग ने राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने और तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने की संभावना जताई है। हालांकि इस बीच शेखावाटी अंचल में शीतलहर चलने के आसार है। बीते 24 घंटों में 17 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। वहीं सीकर, नागौर, चूरू, झुंझुनूं में पिछले करीब एक सप्ताह से सुबह शाम बर्फीली हवाओं के साथ सर्दी का असर बढ़ा हुआ है। झुंझुनूं से हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह देर तक धुंध छाये रहने से दृश्यता भी कम बनी हुई है।

0000